FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना नारखी दिनांक 15-09-2024 जनपद फिरोजाबाद।

थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा बजरंगदल के जिलाध्यक्ष पर जान लेवा हमला करने के मुकदमें में वांछित 02 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।

- वांछित 03 अभियुक्तों को पूर्व में थाना नारखी द्वारा भेजा जा चुका है जेल .....

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में अपर अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 317/2024 धारा 191(2),191(3),115(2)/109/118(1) बीएनएस में वांछित 02 अभियुक्तगण 1. हनीफ खाँ पुत्र गुलसेर खान 2.जीतू उर्फ जीशान पुत्र हनीफ खाँ को दिनांक 15.09.2024 को बरतरा तिराहा थाना क्षेत्र नारखी जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

दिनांक 05.09.2024 को शाम 04.00 बजे के लगभग बजरंगदल के जिलाध्यक्ष श्री शुभम प्रताप सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह निवासी नारखी धौकल थाना नारखी जिला फिरोजाबाद के ऊपर कुछ व्यक्तियों द्वारा जगदीश शीत गृह नारखी के सामने जान लेवा हमला किया गया जिसके सम्बन्ध में श्री सुभम प्रताप सिंह की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 317/2024 धारा 191(2),191(3),115(2)/109/118(1) बीएनएस-2023 भादवि बनाम हनीफ खां व जीतू उर्फ जीशान उपरोक्त सहित अन्य 13 नामजद व 10-12 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पंजीकृत किया गया जिसमें पूर्व में ही तीन अभियुक्तगणो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष नामजद व अज्ञात अभियुक्तगण के गिरफ्तारी के प्रयास जारी है शीघ्र गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता

1.हनीफ खाँ पुत्र गुलसेर खान निवासी नारखी धौंकल थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

2.जीतू उर्फ जीशान पुत्र हनीफ खाँ निवासी नारखी धौंकल थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास:-

मु0अ0सं0 317/2024 धारा 191(2),191(3),115(2)/109/118(1) बीएनएस थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश सिंह थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
2. निरीक्षक श्री दिनेश कुमार थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
3. प्रशि0 उ0नि0 विजय चौधरी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
4. का0 1164 गुन्जन राजपूत थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।